**विज्ञापन सं. 07/2019 (2)**

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान है जो बुनियादी प्लाज़्मा भौतिकी, चुंबकीय परिसीमित संलयन और औद्योगिक एवं सामाजिक प्लाज़्मा के अनुप्रयोग के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास गतिविधियों के प्रति समर्पित है। आईपीआर, भाट गाँव में स्थित है और गाँधीनगर के सेक्टर 25 में स्थित जीआईडीसी में इसकी प्रयोगशालाओं का विस्तार है और गुवाहटी में भी इसका एक केन्द्र है।

निम्नलिखित पद के लिए सीधी भर्ती के आधार पर योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पद का नाम | **कनिष्ठ हिंदी अनुवादक** |
| 2 | पद की संख्या | 01 - अनारक्षित |
| 3 | वेतन स्तर | वेतन मैट्रिक्स का लेवल 6 एवं प्रारम्भिक मूल वेतन ₹ 35400/- प्रति माह। |
| 4 | आयु सीमा | 28 वर्ष से अधिक नहीं।<br>समय - समय पर जारी केंद्र सरकार के संशोधित आदेशों के अनुसार आयु सीमा में रियायत दी जाएगी। |
| 5 | अनिवार्य योग्यताएँ एवं अनुभव | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी / अंग्रेजी में मास्टर डिग्री के साथ डिग्री स्तर पर अंग्रेजी / हिन्दी एक मुख्य विषय के रूप में रहा हो।<br>**या**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी विषय में मास्टर डिग्री के साथ डिग्री स्तर पर हिन्दी और अंग्रेजी मुख्य विषयों के रूप में रहे हों।<br>**या**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी विषय में मास्टर डिग्री के साथ डिग्री स्तर पर हिन्दी / अंग्रेजी माध्यम के रूप में और अंग्रेजी / हिन्दी एक मुख्य विषय के रूप में रहा हो।<br>**या**<br>हिन्दी / अंग्रेजी या किसी अन्य विषय में मास्टर डिग्री के साथ हिन्दी / अंग्रेजी माध्यम जिसमें डिग्री स्तर पर अंग्रेजी / हिन्दी मुख्य विषय या परीक्षा का माध्यम रहा हो।<br>**या**<br>हिंदी में स्नातक डिग्री और मुख्य विषय के रूप में अंग्रेजी या दोनों में से एक परीक्षा का माध्यम एवं अन्य मुख्य विषय और हिंदी से अंग्रेजी / अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद में मान्यता प्राप्त डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स या भारत सरकार के उपक्रम सहित केंद्रीय / राज्य सरकार के कार्यालयों में हिंदी से अंग्रेजी / अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद में दो साल का कार्य अनुभव। |

**सामान्य जानकारी**

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं। विकलांग व्यक्ति भी अनारक्षित कोटा के विरुद्ध आवेदन कर सकते हैं।

2. उम्मीदवारों को एक पद के लिए केवल एक ही आवेदन जमा करने की सलाह दी जाती है। एक ही पद के लिए कई आवेदन प्रस्तुत करने के परिणामस्वरूप आवेदन पूरी तरह से रद्द हो सकते हैं।

3. उम्मीदवारों को अपने स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन आवेदन जमा कर लें और संस्थान की वेबसाइट पर लॉगिन करने में डिस्कनेक्शन / अक्षमता या विफलता की संभावना से बचने के लिए अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें।

4. सभी योग्यताएं केवल मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / बोर्ड / संस्थान से होनी चाहिए। किसी अन्य देश से योग्यता होने पर आवेदक को यूजीसी / एआईयू से समकक्षता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

5. न्यूनतम योग्यता होने और ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने मात्र से लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार के लिए बुलावा मिले, यह जरूरी नहीं है। कोई भी कारण बताए बिना लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार के लिए किसी भी आवेदक को नहीं बुलाने के सभी अधिकार प्राधिकारियों के पास सुरक्षित हैं। चयन की प्रक्रिया में होने वाले किसी भी विवाद / अस्पष्टता के मामले में, संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।

6. विज्ञापन के संदर्भ में प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी और आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, श्रेणी आदि जैसे सभी मानदंडों के आधार पर वैध आवेदकों में से शॉर्टलिस्ट किये गए उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

7. जन्म तिथि प्रमाण के समर्थन में जन्मतिथि प्रमाण पत्र / सेकेंडरी स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र (एसएसएलसी) / मैट्रिकुलेशन / सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट में दर्ज की गई आयु ही एकमात्र स्वीकार्य दस्तावेज होगा।

8. आवेदन करते समय उम्मीदवारों को अपने पूरे नाम का उल्लेख मैट्रिकुलेशन / सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट के अनुसार करना चाहिए। यदि किसी उम्मीदवार ने मैट्रिकुलेशन / सेकेंडरी स्कूल के बाद अपना नाम बदल लिया है या हटा दिया है या जोड़ा है तो उन्हें इस आशय की राज-पत्र अधिसूचना की सत्यापित प्रति जमा करनी होगी।

9. सरकारी/अर्ध सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों को अपने आवेदन को उचित चैनल के माध्यम से अग्रेषित करना होगा या लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अधूरे आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जायेगा। कोई अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

10. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / आर्थिक कमजोर वर्ग / दिव्यांग श्रेणी के तहत रियायत की मांग करने वाले उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

11. साक्षात्कार के लिए बाहर से बुलाए गये उम्मीदवारों को टिकट या यात्रा का प्रमाण जैसे रेलवे / बस टिकट या टिकट नंबर प्रस्तुत करने पर प्रत्यक्ष या सबसे कम दूरी से आने और जाने का स्लीपर क्लास / दूसरी श्रेणी से रेल/ राज्य बस परिवहन के भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

12. वेतन और भत्ते के अलावा, उपरोक्त पदों के लिए अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना के अंतर्गत चिकित्सा योजना, निःशुल्क परिवहन और सब्सिडी युक्त कैंटीन सुविधाएँ, एलटीसी, नई पेंशन योजना आईपीआर के नियमों के अनुसार दी जायेंगी।

13. आवश्यक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद का अनुभव ही गिना जाएगा। उम्र, योग्यता, अनुभव आदि के संबंध में योग्यता मापदंड के लिए तारीख 30/09/2019 निर्धारित होगी।

14. आईपीआर लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार के संबंध में सभी पत्राचार केवल ईमेल के माध्यम से करेगा और कोई डाक पत्राचार नहीं भेजा जाएगा।

15. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार आदि की तिथियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से संस्थान की वेबसाइट पर जाएं।

16. परिशिष्ट / विलोपन / शुद्धिपत्र (यदि कोई) केवल संस्थान की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा। http://www.ipr.res.in/advertisements.html

17. इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद केवल गांधीनगर / अहमदाबाद में स्थित न्यायालयों / न्यायाधिकरणों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**

## <u>आवेदन कैसे करें</u>

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे संस्थान की वेबसाइट http://www.ipr.res.in/advertisements.html पर **30/09/2019** शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदकों को विधिवत भरे हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र की हस्ताक्षरित हार्ड कॉपी के साथ सहायक दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां जैसे आयु का प्रमाण, अंक पत्र, डिग्री, अनुभव, निर्धारित प्रारूप में जाति/समुदाय/वर्ग का प्रमाणपत्र एवं अन्य प्रासंगिक प्रशंसापत्र आदि और ऑनलाइन आवेदन के बाएं हाथ के शीर्ष कोने पर हाल ही का पासपोर्ट साइज़ फोटो विधिवत चिपका कर निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिए जो दिनांक **07/10/2019** शाम 05.00 बजे तक या उससे पहले पहुँच जाना चाहिए अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार की देरी के लिए या निर्धारित अवधि के भीतर हार्डकॉपी नहीं प्राप्त होने के लिए संस्थान उत्तरदायी नहीं होगा।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**
**प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान**
**इंदिरा पुल के निकट, भाट गाँव**
**गांधीनगर – 382 428 गुजरात (भारत)**

लिफाफे पर विज्ञापन सं. 7/2019 (2) और **"कनिष्ठ हिंदी अनुवादक"** ***के पद हेतु आवेदन*** लिखा होना चाहिए।

ऑनलाइन आवेदन करने में कोई भी समस्या होने पर कृपया संपर्क करें - recruitment@ipr.res.in

संस्थान एक ऐसा कार्यबल रखने का प्रयास करता है जो लिंग संतुलन को दर्शाता हो एवं महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।